ment schemes. Sand dune stabilisation, shelter belt plantations, development and productive use of water resources and afforestation are among the important sectoral activities under this programme. Suitable schemes have also been undertaken under other programmes like NREP, RLEGP, IRDP and under the State Plan for development of desert areas. The Central Arid Zone Research Institute, Jodhpur and some other institutes are engaged in research work and development of new technologies which can contribute to development of desert areas.

सातवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान उत्तर प्रदेश में आकाशवाणी केन्द्रों का स्थापित किया जाना

593. **श्री रामचंद्र विकल :** क्या **सूचना और प्रसारण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सातवीं पंचवर्षीय योजना अवधि के दौरान सरकार का देश में कितने आकाशवाणी केन्द्र खोलने का विचार है;

(ख) क्या यह सच है कि सातवी पंचवर्षीय योजना अवधि के दौरान उत्तर प्रदेश में दस नए केन्द्र खोले जाने का प्रस्ताव है; और

(ग) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री वी० एन० गाडगिल) : (क) 105

(ख) जी, हां।

(ग) न 10 नए केन्द्रों का ब्यौरा संलग्न विवरण में दिया गया है।

विवरण

आकाशवाणी की सातवीं योजना में उत्तर प्रदेश राज्य के लिए शामिल की गई स्कीमें :

क्रम संख्या	स्थान	ट्रांसमीटरों की किस्म
	नए आकाशवाणी केन्द्र	
	मीडियम वेव ट्रांसमीटर	
1.	चमोली	1 कि०वा०मी० वेव
2.	पिथौरागढ़	1 कि०वा०मी० वेव
3.	उत्तर काशी	1 कि०वा०मी० वेव
4.	पौड़ी/श्रीनगर	1 कि०वा०मी० वेव
	एफ०एम० ट्रांसमीटर	
5.	ओबरा	2X3 कि०वा०एफ०एम०
6.	मसूरी (रिले केन्द्र)	2X5 कि०वा०एफ०एम०
7.	झांसी	2X3 कि०वा०एफ०एम०
8.	बरेली	2X3 कि०वा०एफ.एम.
9.	अलीगढ़	2X3 कि०वा०एफ०एम०
10.	फैजाबाद	2X3 कि०वा०एफ०एम०

सुदामापुरी दिल्ली में नागरिक सुविधाओं का अभाव

594. **श्री पृथ्वी माझी :** क्या **शहरी विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि गांवडी एक्सटेंशन सुदामापुरी दिल्ली में पीने के पानी की कमी है;

(ख) क्या यह भी सच है कि उक्त क्षेत्र में सड़कें और नालियां जीर्णावस्था में हैं; और

(ग) क्या दिल्ली विकास प्राधिकरण सुदामापुरी में जल, सड़कों और नालियों की समस्या का समाधान करने के लिए कदम उठाने का विचार रखती है और यदि हां, तो कब तक ?